संख्या-170/2016/आर-971/26-3-2016-435/2013

प्रेषक,

सुनील कुमार श्रीवास्तव
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक
यू0पी0सिडकों,
विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 22 सितम्बर, 2016

विषयः-यू0पी0स्टेटकान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0(पूर्ववर्ती नाम उ0प्र0समाज कल्याण निर्माण निगम लि0) में रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निगम कार्यालय के पत्रांक-4921/1-1(1)/स्था/2013, दिनांक-04.09.2014, पत्रांक-5957/1-1(1)/स्था/2014,दि0-14.10.2014 एवं पत्रांक-10228/1-1(1)/स्था/2014, दि0-12.03.2015 तथा पत्रांक-11056/1-1(1) स्था/2016, दिनांक-17.03.2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक्विचारोपरान्त निगम में विभिन्न श्रेणी के रिक्त कुल 154 पदों के सापेक्ष सहायक अभियन्ता(सिविल) के 20, सहायक अभियन्ता(विद्युत) के 01, सहायक अभियन्ता (डिजाईन) के 02 पद एवं सहायक वास्तुविद के 01 पद अर्थात कुल 24 पदों पर निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन भर्ती किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती हैः-

(1)-पदों पर भर्ती के फलस्वरूप निगम पर पड़ने वाले अतिरिक्त व्यय-भार को निगम द्वारा स्वयं के वित्तीय संसाधनों से वहन किया जायेगा और इस हेतु निगम को शासन द्वारा कोई वित्तीय सहायता प्रदान नही की जायेगी।

(2)-उक्त स्वीकृत पदों पर भर्ती/नियुक्तियां निगम की सेवानियमावली एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में विहित प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी। जिन पदों पर भर्ती/नियुक्ति हेतु निगम की सेवा नियमावली में स्पष्ट अर्हता एवं प्रक्रिया का उल्लेख नही है उन पदों पर शासन से परामर्श प्राप्त कर नियुक्तियां की जायेगी।

2- निगम में समूह 'ग' श्रेणी के रिक्त पद (जिनका वेतनमान वेतन बैण्ड-1 में रूपया-5200-20200 व ग्रेड वेतन रूपया-1900/- एवं इससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड-2, में रूपया-9300-34800 व ग्रेड वेतन रूपया-4600/- से कम है) के सीधी भर्ती के पदों के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही कार्मिक अनुभाग-3 की अधिसूचना संख्या-2812-47-का-3-14-13-7-2006, दिनांक-15.12.2014 में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।

भवदीय

सुनील कुमार श्रीवास्तव
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0सं0- 170 / 2016 / आर-971 (1) / 26-3-2016-तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा / हकदारी), उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- कार्मिक अनुभाग-2/ वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।

3- सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

कामता प्रसाद
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।